ग्रीन ऐण्ड क्लीन संस्था 21 मार्च से अब तक ढाई लाख आबादी वाले शहर के 80 प्रतिशत क्षेत्र को कर चुकी है सैनिटाइज

बिहार के 36 जिलों में कोरोना पॉजिटिवों की संख्या में लगातार इजाफा, 5 मौत के साथ आंकड़ा बढ़कर 580

देश मे कोरोनावायरस की रफ्तार पर ब्रेक नहीं, 1981 लोग अभी तक दम तोड़ चुके हैं. जबकि 59662 लोग अब भी इस बीमारी की चपेट में

मशहूर भजन गायिका और कथावाचक जया किशोरी ने कहा शादी का डिसीजन दिल के साथ दिमाग से भी लेना चाहिए, बताए लाइफ पार्टनर के चयन के टिप्स


युवराज
# न्यूज़ टुडे
NEWS TODAY Update

RNI:- BIHHIN05409

www.newstodayupdate.in

आपकी आवाज़

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

वर्ष : 06 अंक : 08+09 तिथि : 09 मई 2020 मूल्य : नि:शुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना - 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in


# न्यूज़ टुडे लॉक डाऊन स्पेशल रोजाना अंक

## ग्रीन एण्ड क्लीन संस्था 21 मार्च से अब तक ढाई लाख आबादी वाले शहर के 80 प्रतिशत क्षेत्र को कर चुकी है सैनिटाइज



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

**अनुकरणीय पहल**



ग्रीन ऐण्ड क्लीन संस्था ने 21 मार्च से नगर के गांधी चौक से सेनेटाईजेसन का जो कार्य आरम्भ किया वह लगातार जारी है। संस्था ने छिड़काव के साथ आम लोगो को लॉक डाउन पालन के लिये लगातार सावधान भी किया। संस्था ढाई लाख आबादी वाले शहर के 80 प्रतिशत क्षेत्र को सैनिटाइज कर चुकी है। संस्था में युवा अधिक संख्या में है कई अनुभवी अवकाश प्राप्त शिक्षक एवं अन्य समाजसेवी लोगों का भी सहयोग संस्था को मिल रहा है।

संस्था ने मजदूर दिवस के अवसर पर नगर परिषद के एक सौ से ज्यादा सफाई कर्मियों को सामूहिक रूप से सम्मानित किया। उनपर फूलों की वर्षा की एवं सम्मान का चादर ओढ़ाया और टीका लगाकर उन्हें सम्मानित किया। वही संस्था के एक योद्धा अमरेन्द्र सिंह ने कहा कि जहां सारे शहर के लोग घरों में बंद रह रहे है उस स्थिति में हमारे सफाई कर्मी जान हथेली पर लेकर हमारे लिए कोरोना से युद्ध लड़ रहे है। वे हमारी सुरक्षा के लिए हमेशा लगे रहे। दुसरा सम्मान मे संस्था ने नगर के सभी थाना के पुलिस को सामूहिक रूप से सम्मानित किया। सम्मानित होनेवालो मे काफी संख्या में पुलिस आधिकारि और महिला पुलिस थे। वही संस्था ने तीसरे चरण के सम्मान समारोह में मीडिया कर्मियों की सुधि ली। जिस मीडिया कर्मियों की सुधि न तो सरकार लेती है और न ही सामाजिक क्षेत्र के लोग लेते हैं जबकि पत्रकार इस संकट के दौर में अपने पत्रकारिता धर्म का लगातार पालन कर रहे हैं। पत्रकार आम लोगों को हर पल की जानकारी प्रिंट, टीवी और सोशल मीडिया के मध्यम मे दे रहे है।

ग्रीन एण्ड क्लीन संस्था ने वैसे तमाम पत्रकारों की सुधि ली और जिला परिषद के परिसर में आज सम्मान समारोह आयोजित कर आदर के साथ उन्हें सम्मानित किया। सभी सदस्यों ने पत्रकारों पर फूलों की बरसात की उन्हें टीका लगाया, माला पहनाया एवं सम्मान का चादर ओढ़ाया। संस्थापक अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सिंह ने स्वागत मे कहा कि इस वैश्विक कोरोना वायरस संक्रमण के इस दौर में पत्रकारों की सेवा को भुलाया नहीं जा सकता। जहां सारे लोग घरों के अंदर कैद हैं उस दौर में प्रिंट से लेकर सोशल मीडिया के हमारे पत्रकार हर समाचार की जानकारी हम तक पहुंचाते रहे हैं। पत्रकार भी किसी का बेटा है, किसी के पति हैं ,किसी का भाई हैं और कोरोना का यह खौफ जो पूरे समाज में चारों तरफ है, उसको चीरते हुए पत्रकारों ने जो अपना फर्ज निभाया है उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम होगी।

वही अवकाश प्राप्त शिक्षक अमित सेन ने कहा कि पत्रकार लो. कतंत्र का चौथा स्तंभ है, और वैश्विक कोरोना संकट के दौर में मोतिहारी के पत्रकारों ने जो साहसिक कार्य किया है वह काबिले तारीफ है। संबोधन में एक पत्रकार ने कहा कि सरकारी कर्मी तथा पुलिस के लोग या सफाई कर्मी है उन सभी के साथ गवर्नमेंट है अगर उनको कुछ होता है तो उनको अच्छा खासा मुआवजा क्षतिपूर्ति भी मिल जाएगी लेकिन पत्रकारों के आगे पीछे कोई नहीं है यहां तक कि मीडिया घराना भी नहीं है और पत्रकारों ने जो अपनी सेवा दी है, तथा हर पल का जो खबर पहुंचाया है, वह काफी जोखिम भरा रहा है। पत्रकारों का सम्मान करके संस्था आज खुद सम्मानित हो रही है।

सम्मानित करने वालों में अमित सेन, संस्था के फाउंडर हरी सिंह, अमरेंद्र सिंह, सीएससी सेंटर के डायरेक्टर ओम वर्मा, आलोक कुमार समेत दर्जनों समर्पित योद्धा थे जो लोग दिन रात छिड़काव के कार्य में लगे हुए हैं। वही सम्मानित होने वाले पत्रकारों में मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार अशोक वर्मा, डा.राजेश अस्थाना, कैलाश गुप्ता, राजन दत्त द्विवेदी, सुदिष्ठ नारायण ठाकुर, रिशु वर्मा, अजीत कुमार वर्मा कन्हैया,प्रासर प्रभात, विनीत श्रीवास्तव, गौरी शंकर प्रसाद, रितेश वर्मा, राकेश कुमार, अरविंद कुमार, सचिन पाण्डेय, रवि गुप्ता, प्रभात रंजन, आलोक वर्मा, रिंकू गिरी, मो शोहेब सहित सभी समाचार पत्र, टीवी एवं सोशल मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कोरोना स्पेशल

## बिहार के 36 जिलों में कोरोना पॉजिटिवों की संख्या में लगातार इजाफा, 5 मौत के साथ आंकड़ा बढ़कर 580



सुनील चौधरी,
संवाददाता,



बिहार में कोरोना पॉजिटिवों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है पर राज्य में में कोरोना संक्रमण की रफ्तार कम हुई है. शनिवार को राज्य में कुल 29 नये कोरोना पॉजिटिवों की पह. चान हुई है, जिससे पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर 580 हो गयी है. इधर, पॉजिटिव मरीजों के ठीक होने की संख्या भी बढ़ रही है. राज्य के विभिन्न अस्पतालों से संक्रमित होनेवाले अब तक 287 स्वस्थ होकर घर लौट गये हैं. बिहार में 48.5 फीसदी संक्रमित मरीज ठीक हो कर घर लौट चुके है. इस महामारी का प्रसार राज्य के 36 जिलों तक हो चुका है. केवल दो जिले ही इसकी जद से दूर हैं.

मरीजों की संख्या 580 हुई

बिहार के 36 जिलों में कोरोना पॉजिटिवों की कुल संख्या 580 हो गयी है. शुक्रवार को 29 नये पॉजिटिव पाये गये हैं. स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव संजय कुमार ने बताया कि शुक्रवार को कटिहार में एक, पूर्वी चंपारण में एक, दरभंगा में एक, समस. तीपुर में छह, खगड़िया में चार, सहरसा में एक और सुपौल में एक नये पॉजिटिव केस पाया गया है.

## देश मे कोरोनावायरस की रफ्तार पर ब्रेक नहीं, 1981 लोग अभी तक दम तोड़ चुके है. जबकि 59662 लोग अब भी इस बीमारी की चपेट में



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,



दुनियाभर में कोरोनावायरस की रफ्तार पर ब्रेक नहीं लग पा रही है. दुनिया के कई देश वायरस को खत्म करने के लिए वैक्सीन बनाने में जुटी है, लेकिन अभी तक उन्हें सफलता प्राप्त नहीं हुआ है. पूरी दुनिया में अब तक कोरोना से 2 लाख 70 हजार लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 35 लाख के आसपास लोग संक्रमित हैं. भारत में कोरोनावायरस के कारण 1981 लोग अभी तक दम तोड़ चुके हैं. जबकि 59662 लोग अब भी इस बीमारी की चपेट में है. भारत सरकार कोरोना पर काबू पाने के लिए पिछले 45 दिनों से देश में लॉकडाउन लगाया है. बताया जा रहा है कि लॉकडाउन की अवधि अभी आगे भी बढ़ सकती है.

24 घंटे में 95 की मौत

पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 3,320 और मामले सामने आए हैं और 95 लोगों की मौत हुई हैं. स्वास्थ्य मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में कोरोनावायरस पॉजिटिव मामलों की सं ख्या बढ़कर 59,662 हो गई है. वहीं 17,847 लोग अब तक डिस्चार्ज किए जा चुके हैं, जबकि मरने वालों की संख्या 1,981 पर पहुंच गयी है.

## बंजरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के नेतृत्व में कोविड 19 के खिलाफ जागरूकता अभियान के साथ किया जा रहा है सर्वे



सम्राट, संवाददाता



मोतिहारी के बंजरिया प्रखंड के रोहिनिया पंचायत के बुढ़वा गांव और कुकुरजरी गांव मे चलाया जा रहा कोविड 19 के खिलाफ जागरूकता अभियान और साथ ही सर्वे भी किया जा रहा है। सुपरवाईजर राजीव कुमार ने बताया कि बंजरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के नेतृत्व में कोरोना के खिलाफ लोगों को जागरूक किया जा रहा है जिसमें बुढ़वा के आंगनवाड़ी केन्द्र संख्या 97 के आशा रेणु श्रीवास्तव और सेविका अनिता श्रीवास्तव बुढ़वा गांव मे और वॉलंटियर ब्योमेश कुमार व सुनील कुमार, कुकुरकरी गांव मे साथ मिलकर कोरोना के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

आशा रेणु श्रीवास्तव ने बताया कि वे गांव मे घर – घर जाकर कोरोना के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाकर सभी का सर्वे किया जा रहा है कि किसी को बुखार सर्दी खांसी या किसी का तबीयत तो नहीं खराब है अगर तबियत खराब है तो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सूचित कर उन्हें जांच के लिए भेजा जा रहा है और विशेष कर वे उन लोगो पर ध्यान दें रहे है जो बाहर से आए है और रोज उनकी जांच पड़ताल की जाती है और साथ ही बताया कि कोरोना का येसा कोई इलाज नहीं है इसका एक मात्र ही इलाज है वो है बचाव। आप जितना देर घर में रहेंगे उतना ही अच्छा है।

वोलंटियर ब्योमश कुमार ने बताया कि सभी लोगो को जागरूक किया जा रहा है और सभी लोगो को ये बताया जा रहा है कि वे लॉक डाउन का पालन करें और हर 20 मिनट पर हाथ अच्छे तरह से धोएं। किसी भी कार्य को करने के पहले और बाद मे हाथ को अच्छे तरह से धोए ताकि किसी भी तरह का वायरस का प्रकोप ना रहे और सभी लोग स्वस्थ रहेंगे और किसी के संपर्क में जाने से बचे और सोशल डिस्टेंस बनाए रखे और हमेशा मास्क लगा कर रहे ताकि किसी को खांसी आए तो अपका वायरस किसी और को ना लगे।

वही वोलंटियर सुनील कुमार ने बताया कि किसी भी बाजारू वस्तु को छूने से बचे और किसी भी वस्तु को धोने के बाद ही उसका इस्तेमाल करें ताकि बाजार में अनेक लोग उसे छूते है और उनके हाथों में लगे वायरस उस वस्तु में चले जाते है जिसे छूने से आपके हाथ में आ जायेगा और आप बीमार हो जाएंगे।

## मोतिहारी मे ग्रीन एंड क्लीन संस्था और जिले के समाजसेवियों ने कोरोना संकट के बीच लगातार कोरोना वॉरियर के रूप मे कार्य करने के लिए जिले के पत्रकारें को सम्मानित किया



अफजल आलम
न्यूज टुडे,



शास्त्रो के अनुसार देवर्षि नारद पत्रकारिता का आदि पुरूष भी कहा जाता है की जयंती दिवस पर मोतिहारी मे ग्रीन एंड क्लीन संस्था और जिले के समाजसेवियों द्वारा स्थानीय डाक बंगला, मोतिहारी में जिले के पत्रकारों को जो कोरोना संकट के बीच लगातार कोरोना वॉरियर के रूप मे कार्य कर रहे है, उन्हें करोना बैरियर्स के रूप में पत्रकार सम्मान– समारोह का आयोजन किया गया।

संस्था के अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद अमरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ लगभग 75 पत्रकारों को अंग वस्त्र एवं पुष्प वर्षा कर सम्मानित कर उनका मनोबल को बढाने का कार्य किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेवानिवृत शिक्षक अमित सेन, विनय उपाध्याय, संजय कुमार उर्फ टुन्ना, सुधीर कुमार गुप्ता, ओम वर्मा, भरत गुप्ता, शंभु गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता, आलोक रंजन, विनय सर्राफ, विनोद जायसवाल, चंचल कुमार, अर्जुन कुमार, करण सिंह, नारायण राम, संजय कुमार, मुरली, हरीश कुमार, सत्येंद्रनाथ वर्मा, विवेक कुमार वर्मा आदि शामिल थे।

## मशहूर भजन गायिका और कथावाचक जया किशोरी ने कहा शादी का डिसीजन दिल के साथ दिमाग से भी लेना चाहिए, बताए लाइफ पार्टनर के चयन के टिप्स



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,


NEWS TODAY Update newstodayupdate.in Web News Portal: www.newstodayupdate.in
न्यूज टुडे राष्ट्रीय हिन्दी मासिक पत्रिका
Yuvaraj Media & Entertainment An Ideal Film Production
बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की खबर के साथ अपनी खबर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830




जया किशोरी एक मशहूर भजन गायिका और कथावाचक हैं. उन्होंने आज–कल के दौर में शादी हो जाती है, लेकिन रिश्ता लंबे समय तक नहीं निभा पाते है. इस पर जया किशोरी ने अपनी एक स्पीच में लाइफ पार्टनर का चुनाव कैसे करें, इस बारे में अपने दर्शकों को बताया है. जया किशोरी ने कहा कि आज के समय में व्यक्ति शादी का निर्णय तो तुरंत ले लेता है पर कई बार अपना रिश्ता लंबे समय तक नहीं निभा पाता है. कथावाचक जया किशोरी ने कहा कि इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, लेकिन एक मुख्य कारण जो सामने आता है वो है आपका एक दूसरे को नहीं समझ पाना. इस पर जया किशोरी का कहना है कि शादी का डिसीजन दिल के साथ दिमाग से भी लेना चाहिए.

शादी बहुत सोच–समझकर करना चाहिए. उन्होंने ने कहा कि पहले और अब में बहुत अंतर है. पहले सपने में भी लोग देख लेते थे तो शादी कर लेते थे. उन्होंने ने कहा कि जब आप किसी से मिलते हैं तो शुरू में तो उसकी हर चीज आपको पसंद आती है. अगर किसी को पहचानना है तो उसे बोलने दो. उसकी बोली बता देगी कि वे कैसा व्यक्ति है, इसलिए जरूरी है कि आप सामने वाले का स्वभाव समझे. स्वभाव समझने का जब मौका नहीं मिलता और आगे जाकर जब असलियत सामने आती है तब हमे लगता है कि ये रिश्ता चल नहीं पायेगा.

इसलिए सिर्फ अच्छापन देखकर ही शादी नहीं की जाती. अच्छी चीजों से तो हर कोई प्यार करता है. वो प्यार थोड़ी है. अगर मेरे अंदर कोई अच्छाई है और कोई इंसान उसे पसंद कर रहा है, तो उस अच्छाई को तो पूरी दुनिया ही पसंद कर रही होगी तो उसमें ऐसी कौन सी खास बात है. मुझमें जो बुराई है उस चीज को भी कोई ठीक करे या उसको अपनाए तब मतलब आप उसके साथ रह सकते हैं. आगे जया किशोरी कहती हैं कि शादी कुछ दिन मिलना नहीं होता. शादी का मतलब हमे पूरे जीवन एक साथ एक कमरे में रहना है.

### आज–कल के बच्चे संस्कार से हो रहे है दूर

कथावाचक जया किशोरी ने कहा कि आज कल के बच्चे संस्कार से दूर होते जा रहे है. जो बच्चे देखेंगे वहीं करेंगे, बच्चे जो देखते हैं वहीं सिखते है, बच्चे सुनते नहीं है. जया किशोरी ने कहा कि बच्चे के सामने जो आप करेंगे वहीं सिखेंगे. उन्होंने ने कहा कि लोग समय देखते है. बच्चों को संस्कार देना बहुत जरूरी है.

## लॉकडाउन के दौरान पुलिस ने की दुकानदार की पिटाई, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



रिंकू गिरी,
संवाददाता





रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272


लॉकडाउन के दौरान दुकानदार पर पुलिस के बलप्रयोग से ग्रामीण आक्रोशित हो गए. ग्रामीणों ने पिपराकोठी थाने पर जमकर प्रदर्शन किया. साथ ही थाने के सामने एनएच–28 को भी जाम कर दिया. हालांकि बाद में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों की पहल पर वरीय अधिकारियों से आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीण शांत हुए.

### आरोपी जमादार के निलंबन की कर रहे थे मांग

ग्रामीणों का आरोप है कि गुरुवार की शाम में पिपराकोठी चौक पर दुकानदार अपनी चाय की दुकान बंद कर रहे थे. तभी गश्ती दल के पुलिसकर्मियों ने दुकान को देर तक खोले रहने की बात कहते हुए उसकी पिटाई कर दी. पुलिस की पिटाई से दुकानदार का सिर फट गया. इसी घटना को लेकर शुक्रवार की सुबह बरकुरवा गांव के सैकड़ों ग्रामीण पिपराकोठी थाने पर पहुंच गए. इसके बाद आरोपी जमादार को निलंबित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे.

### सोशल डिस्टेसिंग की उड़ रही धज्जियां

प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने आरोपी जमादार को पकड़ने की भी कोशिश की. इस बीच सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ती देखी गई. ग्रामीणों के आक्रोश को देख पिपराकोठी थाने की पुलिस थाना परिसर से बाहर नहीं निकली. बाद में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि पहुंचे और वरीय अधिकारियों से आरोपी जमादार के निलंबन का आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीण शांत हुए.

## बिहार के डीजीपी गुप्तेश्वर पाण्डेय लगातार न केवल छोटे से छोटे प्रशासनिक अधिकारी से भी बात कर रहे है बल्कि उन्हें प्रोत्साहित भी करते हैं : अभिषेक मिश्रा



संतोष राऊत
न्यूज टुडे,



बिहार के डीजीपी गुप्तेश्वर पाण्डेय लॉकडाउन मे अभिभावक की तरह लोगों को हर समय लॉकडाउन के पालन करने का समझा रहे हैं और खुद पालन कर एवं करा रहे है। वे समय–समय पर वीडियो भी साझा कर रहे हैं बिहारवासियों के साथ। उपरोक्त बातें सिटीजन न्यूज के चीफ एडीटर अभिषेक मिश्रा ने न्यूज टुडे से एक मुलाकात में कही है।

श्री मिश्रा ने कहा कि सबसे बड़ी बात श्री पाण्डेय लगातार न केवल छोटे से छोटे प्रशासनिक अधिकारी से भी बात कर रहे है बल्कि उन्हें प्रोत्साहित भी करते हैं। उन्होंने कहा कि उनसे दूसरे राज्यो के पुलिस अधिकारियों को सीखना चाहिए की किस तरह से अपने राज्यों के लोगों के लिए काम किया जाता हैं। उनका हर समय ध्यान राज्य की जनता में लगा रहता हैं। श्री पाण्डेय लगातार अपने वीडियो के माध्यम से बिहार के लोगों को सोशल


Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830